## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव में योग बैडमिंटन प्रतियोगिताएं हुई

**सौंसर।** सांसद खेल महोत्सव में गुरुवार को दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिता में बैडमिंटन एवं योग का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सौसर में किया गया।प्रतियोगिता का शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा, नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार ने मां सरस्वती का पूजन किया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा ने अपने खेल अनुभव खिलाड़ियों में बांटे।प्रतियोगिता का समापन अवसर पर बोलते हुए भाजपा नेता राहुल मोहोड ने कहा कि खेल से अनुशासन ,शारीरिक व मानसिक विकास होता है। खिलाड़ी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपना और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सकते हैं साथ ही खेलकूद के माध्यम से जीवन में अपने मंजिल तक पहुंच सकते हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में आदित्य वर्मा, हर्ष यादव, पारस सावरकर, शिवांश गवनेकर ,पारस कोठारी थे। मंच संचालन मुख्य रेफ़री की भूमिका में संजय धेनुसेवक ने किया। कॉलेज प्राचार्य पी एस परते,नोडल अधिकारी बाबा खान ने मार्गदर्शन दिया। निर्णायक की भूमिका में राजेंद्र सरवरे ब्लॉक योग प्रभारी, सतीश मालवीय राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक, पीटीआई निकेत लोहे,मिलिद चारे आदि थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और नकुलनाथ से युकां नेताओं ने की भेंट


**सौंसर।** छिंदवाड़ा आगमन पर युवक कांग्रेस के पदाधिकारी ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व सांसद नकुलनाथ से भेंट करते हुए संगठन के विषय पर चर्चा की है। इस दौरान प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव सोपान कोहले, जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत धुर्वे, ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष राजा बोढे, युका नेता ज्ञानेश्वर गावडे के द्वारा दोनों कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का पुष्प देकर स्वागत सत्कार करते हुए युवा कांग्रेस के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस संगठन से युवाओं को जोड़ने और युवक कांग्रेस की गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी है।

### पश्चिम वनमंडल ने लगाएं बोर्ड, लाल रंग से बनाया सुरक्षा का घेरा, निगरानी में रहेगा झिंगरिया वाटरफाल

# दुर्घटना के बाद जागा प्रशासन, सुरक्षा के किए प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)



जिले के खूबसूरत लेकिन असुरक्षित पर्यटन स्थलों में झिंगरिया वाटरफाल का नाम भी शामिल है जहां पर विगत तीन दिन पहले सेल्फी लेते समय युवा पर्यटक बह गया और उसकी जान चली गई। दिल दहला देने वाली घटना रविवार को तामिया के नजदीक झिंगरिया वाटर फाल में सामने आई जहां गाजियाबाद निवासी मुकुल शर्मा पानी की धार में बहकर लापता हो गए। अपने ससुराल आए और वहां से पिकनिक मनाने आए इस युवक के परिवार में पलक झपकते हुए सारी खुशियां मातम में बदल गई। वनविभाग की घोर लापरवाही और कार्यवाही के नाम पर सिर्फ कागजी कार्यवाही। यही तो है प्रशासन की कार्यशैली। जाने वाले की जिंदगी समाप्त हुई, परिवार टूट गया। बच्चों से पिता का साया उठ गया। दो मासूम लाडलियों को अब पिता के साये से दूर करने वाले इस वाटर फाल में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। पर्यटन बढ़ाने की बात तो की जाती है पर सुविधाएं कहां, कब जागेगा वनविभाग, कब दी जाएगी सुविधाएं, इतने सुंदर प्राकृतिक दृश्यों से परिपूर्ण छिंदवाड़ा के ये पर्यटन स्थल कब तक सुविधाओं से मरहूम रहेंगे। वे कब तक प्रशासनिक लापरहियों का शिकार होते रहेंगे, ये बड़ा सवाल है। पर्यटन के नाम पर करोड़ों रूपए की बंटरबांट विभाग पहले ही कर चुका है।

छिंदवाडा की पहचान ये पर्यटन स्थल सुरक्षा के अभाव में मौत के कुंड बनते जा रहे है। कुकड़ीखापा हो या पातालकोट या फिर चिमटीपुर सुरक्षा और सुविधा के नाम पर कागजी कार्यवाही हुई है। हकीकत कोसों दूर है और इसी बात का नतीजा है कि पूरे तंत्र की कठोर नाकामी का परिणाम शर्मा परिवार के दर्द के साथ विगत दिवस सामने आया है। न सुरक्षा की व्यवस्था, न बेरिकेट्स न गार्डों की तैनाती , न ही चेतावनी के संकेत और न ही कोई मॉनीटिरंग बस मीटिंग, मीटिंग खेलते हुए विश्व के पर्यटन पटल पर छिंदवाड़ा को पहचान दिलाना है। इस उद्देश्य को अमलीजामा पहनाने की बजाए फाइलें मेंटेन की जा रही है और ये पिकअप स्पॉट जानलेवा साबित हो रहे है। अभी माह के अंत और जनवरी के प्रथम सप्ताह में इन पर्यटन स्थलों पर अंतिम वर्ष को विदाई देने और नववर्ष की स्वागत के उपलक्ष्य में हजारों की भीड़ इन स्थलों पर पहुंचेंगी और पुनः सुरक्षा में चूक होने की संभावनाएं हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए थोड़ा प्रशासन तो जागा है। इतनी बड़ी घटना के प्रशासन ने बोर्ड लगाए है । बोर्ड में वनपरिक्षेत्र पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा ने छोटा सा प्रयास सुरक्षा के लिए किया है। बोर्ड के साथ साथ चट्टों पर लाल पेंट से प्रतिबंधित क्षेत्र में लाल निशान लगाकर रेखाएं बनाई है ताकि लोग खतरे से सावधान हो सके।

झिंगरिया वाटरफाल की सुंदरता हर व्यक्ति के मन को मोह लेती है परंतु यह मोह जिंदगी के लिए अभिशाप न बन जाए इसलिए पूर्णतः प्रशासन पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। हर आम आदमी को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए ऐसे पर्यटन स्थलों पर बेहद सावधानी रखने की आवश्यकता है। चंद सेल्फी और फोटो की मस्ती के बीच कहीं जिंदगी की शाम ही न हो जाए।

इस बात का ध्यान तो रखना होगा। प्रशासन अपना काम मुस्तैदी से करें और हर नागरिक जिम्मेदारी के साथ अपने और अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहे तो छिंदवाड़ा के ये पर्यटन स्थल निश्चित रूप से विश्व पटल पर छिंदवाड़ा की गौरव गाथा को कहने और बताने के लिए पर्याप्त है। आवश्यकता है सरकार और आम आदमी के जागरूक होने की है ताकि घटना की पुनर्रावृत्ति न हो।

# पुलिस ने 52 पत्तों के साथ जुआरियों को किया गिरफ्तार

### जुआरियों के पास से 2 लाख 1 हजार 600 नगदी और ताश के पत्ते किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

जिला पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में निरंतर अपराधों की रोकथाम के निर्देश प्रसारित किए जाने के उपरांत 3दिसंबर की दरमियानी शाम में एसडीओपी चौरई के मार्गदर्शन में चौरई थाना प्रभारी मोहन सिंह मर्सकोले व उनके मातहत बल ने बड़ी हिकमत अमली से कस्बा भ्रमण एवं पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की पुख्ता सूचना पर कि अपने थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ माल में अमुख बताए स्थान पर लोग अंदर बाहर का जुआ खेल बड़े इत्मीनान एवं निर्भीक होकर चाव से खेल रहे है जिस पर से इस गठित दल ने चहुओर से घेराबंदी कर रात करीबन 7 बजे के आसपास दबिश देकर जुआँ खेल में किस्मत आजमा रहे 6 लोगो को धरदबोचा। पकडे गए जुआरियों से जिनके पास के कुल 201600 नगदी तथा 52 पत्ते जुआस्थल से जप्त कर सभी के विरुद्ध जुआ एक्ट के अधीन कार्यवाही की गई।

पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे द्वारा अवैध रूप से अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के विरूध्द कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई भारती जाट के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चौरई मोहन सिंह मर्सकोले के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा दिनांक 03/12/25 की मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हरदुआ माल में जुआ चल रहा है कि सूचना पर पुलिस टीम के द्वारा रेड कार्यवाही की गयी जो मौके पर आरोपी प्रशांत विश्वकर्मा, दिलीप, मोहसीन, श्रीराम, जितेन्द्र, जितेन्द्र रघुवंशी मौके पर मिले जिनसे 52 ताश के पत्ते एवं नगदी 201600 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियो के विरूध्द अप.क्र.923/25 धारा 13 जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द किया गया है। सभी आरोपियो के विरूध्द पृथक से धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गयी है।

#### गिरफ्तार आरोपी

प्रशांत पिता शिवनारायण विश्वकर्मा उम्र 40 साल निवासी पांजरा थाना चांद
दिलीप उर्फ आशीष पिता सुरेश डेहरिया उम्म्र 28 साल निवासी धतुरिया थाना लखनवाडा
मोहसीन पिता वाहिद अली उम्र 25 साल निवासी चीरई थाना चौरई
श्रीराम पिता कोमल सिंह उम्र 42 साल निवासी हरदुआ माल थाना चौरई
जितेन्द्र पिता रामकिशन उम्र 40 साल निवासी चौरई थाना चौरई
जितेन्द्र पिता सालकराम रघुवंशी उम्र 32 साल निवासी मोहगांव खुर्द थाना चौरई

#### आरोपियो का पूर्व आपराधिक रिकार्ड

1. जितेन्द्र रघुवंशी- 1. अप.क्र. 106/17 धारा 354क, 34 ता. हि. **SC.ST.ACT**2. अप.क्र.82/21 धारा 13 जुआ एक्ट3. अप.क्र.862/23 धारा 294,323,506,34 ता. हि.4. अप.क्र.881/25 धारा 294,115(2), 351.3(5) बीएनएस2. मोहसीन खान- 1. अप.क्र. 1019/23 घारा 294,323,506,34. ता. हि.3. दिलीप डेहरिया- 1. अप.क्र.318/18 चारा 294,307,323,34,452,506 ता.हि.4. प्रशांत विश्वकर्मा- I अप.क्र.366/23 धारा 4 क सट्टा एक्ट2. अप.क्र. 153/24 धारा 34(2),42 आबकारी एक्ट3. अप.क्र.61/25 धारा 13 जुआ एक्ट, 49 बीएनएस

#### इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक मोहन सिंह मर्सकोले, प्र.आर. गोपाल साहू, राजू भारती, राजपाल बघेल, रोहित ठाकुरराजेश सनोडिया की सराहनीय भूमिका रही।

# कलेक्टर ने आवारा कुत्तों को सार्वजनिक स्थल से हटवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के नगरीय निकायों की समीक्षा की । इस दौरान जिले के नगरीय निकायों में योजनाओं के लिए भूमि आवंटन, निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व वसूली, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन तथा आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए की गई कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई । बैठक में आयुक्त नगर पालिक निगम सह परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण छिंदवाडा श्री सी.पी. राय तथा जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपयंत्री उपस्थित थे । कलेक्टर श्री नारायन ने सर्वप्रथम विभिन्न योजनाओं के लिए शासकीय जमीन आवंटन की जानकारी प्राप्त की। सभी निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को बैठक कर विधिवत जमीन आवंटन हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव भेजने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि सांसद निधि एवं विधायक निधि के कार्यों में अतिरिक्त कार्यों के प्रस्ताव के लिए टीएस जारी करने पर निकाय के उपयंत्री की जवाबदारी तय की जाएगी । प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अल्प प्रगति वाले निकायों को जल्द से जल्द आरसीसी कर कुर्की की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 के अंतर्गत सभी निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत सभी निकायों को सभी पात्र हितग्राहियों की जियो टेंगिग करने हेतु निर्देशित किया गया । कलेक्टर श्री नारायन ने निकायों में संचालित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत अल्प प्रगति पर असंतोष जाहिर किया । सभी निकायों को लक्ष्य के विरूद्ध हितग्राहियों के आवेदन स्वनिधि पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए ।

# ओवर ब्रिज का हुआ निर्माण, अब नागरिकों को अंडरपास का इंतजार

### पीड़ित नागरिकों को इतनी परेशानी ना उठाते हुए अंडरपास का उपयोग करते हुए जुन्नारदेव नगर में आने में मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



नगर जुन्नारदेव में एमपीआरडीसी के द्वारा ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अपने अंतिम चरण में है. वही नागरिकों को अंडरपास का भी इंतजार है. एमपीआरडीसी के द्वारा प्रोजेक्ट मध्य प्रदेश सड़क क्षेत्र परियोजना में सार्वजनिक निजी भागीदारी के पुनर्वास और उन्नयन के लिए सिविल अनुबंध पैकेज संख्या 17 बी तामिया -जुन्नारदेव रोड व ओवर ब्रिज एवं अंडरपास बनाया जाना था. जिसकी लागत 133 करोड़ है. इस परियोजना मे मुख्य विशेषता रेलवे ओवर ब्रिज और रेलवे अंडर ब्रिज बनना है।

उक्त कार्य मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन और सेंट्रल रेलवे नागपुर डिवीज़न के द्वारा संयुक्त रूप से होना है. इस ओवर ब्रिज निर्माणकार्य में अंडर पास भी बनाया जाना प्रस्तावित है. इधर ओवर ब्रिज का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है तो वहीं अंडरपास का निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हुआ है. ज्ञात हो कि नगर में बने इस ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के बाद वार्ड क्रमांक 10, 12, व 16 अहबाब पूरा व स्टेशन के सामने रहने वाले नागरिकों एवं स्कूली बच्चों,वार्ड में रहने वाले विकलांगों को प्रतिदिन आवागमन के लिए ओवरब्रिज का लंबा रास्ता तय कर जुन्नारदेव नगर में आना पड़ेगा.यदि इस निर्माण कार्य के साथ अंडरपास का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो जाता है तो निश्चित ही इन नागरिकों को शहर के भीतर आने-जाने एवं स्वास्थ्य केंद्र जाने में बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

वर्तमान में निर्माण कंपनी के द्वारा ओवर ब्रिज पर रेलवे फाटक के दोनों और लोहे की सीढ़ियां तो बना दी गई है किंतु इस सीढ़ी पर पैदल चलने वाले व आंशिक विकलांग, वृद्ध जनों, स्कूली बच्चों को इस सीढ़ी से चढ़कर ओवरब्रिज पर पहुंचना पड़ेगा इसके बाद वह शहर के अंदर प्रवेश करेंगे.यदि अंडरपास का निर्माण हो जाता है तो लोगों को वा इस समस्या से पीड़ित नागरिकों को इतनी परेशानी ना उठाते हुए अंडरपास का उपयोग करते हुए जुन्नारदेव नगर में आने में खासी सुविधा मिल सकेगी. अंडर पास बनाने के लिए एमपीआरडीसी व रेलवे के संयुक्त दल के द्वारा निरीक्षण किया जाना तय है।

सूत्रों की माने तो अंडरपास के बनने के पश्चात यहां जल भराव होगा जिससे नागरिकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ेगा लेकिन शहर के नागरिकों का यह भी मत है कि यदि अंडरपास का निर्माण कार्य कराया जा रहा है तो जल निकासी के लिए अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग कर अंडर पास बनाया जा सकता है. अंडरपास के निर्माण के पश्चात हॉस्पिटल जाने वाले वाहनों, नागरिकों,थोक सब्जी मंडी जाने वाले चार पहिया वाहनों को भी सुविधा मिल सकेगी.इसके कारण ओवरब्रिज पर चढ़ते समय बड़े वाहनों के घुमाओ के दौरान जाम की स्थिति पैदा नहीं होगी।

फिलहाल नागरिकों का यह मानना है की बड़े-बड़े शहरों में ऐसे अंडर पास के आसपास छोटे तालाब होने के बाद भी अंडर पास बनाया जा सकता है तो फिर जुन्नारदेव शहर में क्यों नहीं. सालों से बंधा रोड रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज व अंडरपास बनाने की मांग शहरवासी कर रहे हैं।

रेलवे की योजना के अनुसार भविष्य में इन रेल फाटकों को पूर्णता बंद किया जाना तय है.तब इस स्थिति में वार्ड क्रमांक10, 12, 16 के नागरिकों व स्कूली बच्चों को शासकीय स्वास्थ्य केंद्र जाने एवं बाजार आने के लिए ओवरब्रिज का लंबा व ऊंचा रास्ता तय कर नगर में आना पड़ेगा. फिलहाल ओवर ब्रिज के बन जाने के बाद वाहन चालकों को रेलवे फाटक बंद होने पर जाम की स्थिति से तो निजात मिल जाऐगी।

## क्या कहना है

ओवर ब्रिज निर्माण कार्य के साथ अंडरपास का निर्माण भी किया जाना पूर्व से ही सुनिश्चित है. यह हमारी प्राथमिकता है.निर्माण कार्य अंडरपास का अवश्य होगा।

**गोपाल सिंग, चीफ इंजीनियर, एमपीआरडीसी भोपाल**

आगामी कुछ ही दिनों में रेलवे वी एमपीआरडीसी के साथ ज्वाइंट सर्वे कार्य कर अंडर पास में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर कर इसका निर्माण कार्य कुछ ही माह में प्रारंभ किया जाएगा।

**दीपक आड़े, डी एम एमपी आरडीसी रेलवे व मध्य प्रदेश**

रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर इस कार्यकार्य को करने का पूरा प्रयास किया जाएगा,जो नागरिक लाइन के उस तरफ रहते हैं उन्हें सुविधा मिल सकेगी एवं मंडी व अस्पताल जाने वाले वाहनों को भी सुगमता होगी।

**रमेश सालोढे**
**नपा अध्यक्ष नपा जुन्नारदेव**

अंडरपास निर्माण कार्य का पूर्व में सर्वे के दौरान तकनीकी समस्या आ रही है. जिसे विभाग लिखित रूप से समस्या का निदान करने हेतु सुझाव देगा तो हम निश्चित ही इसका कार्य शुरू करेंगे।

**रंजीत सिंह,प्रोजेक्ट मैनेजर**

अंडरपास बनने के लिए आगामी दिनों में डिवीजन लेवल से सर्वे अधिकारी आएंगे. इसके पश्चात ही यह निर्माण कार्य किया जाना या ना किया जाना सुनिश्चित होगा।

**मंगल यादव, जूनियर इंजीनियर,आईयूडब्ल्यू**

रेलवे जुन्नारदेव अंडरपास के अभाव में वार्ड के नागरिकों को घूमकर चर्च तिराहा पहुंचकर ओवर ब्रिज से मार्केट जाना पड़ेगा जो काफी कठिन है इसका निर्माण होना चाहिए।

**इमरोज खान वार्ड वासी**

इस निर्माण से खासतौर पर पैदल बाजार जाने वाले बुजुर्गों को सुविधा होगी. इसका निर्माण अवश्य ही होना चाहिए।

**गयासुद्दीन खान**, वार्ड वासी

अंडरपास के निर्माण के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आने वाले इमरजेंसी के समय एंबुलेंस व सब्जी मंडी जाने वाले वाहनों को ओवरब्रिज से ना आकर अंडरपास से सीधे आने की सुविधा मिल सकेगी. जिससे बैंकों के सामने जाम की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

**अरुणेश जायसवाल**, पार्षद वार्ड क्रमांक 10

भविष्य में यदि अंडर पास नहीं बनता है और रेलवे के द्वारा यदि रेलवे फाटक बंद कर दिया जाता है पूर्ण रूप से तो हमें शाला पहुंचने के लिए ओवर ब्रिज चढ़कर आना पड़ेगा जिसमें हमारा समय व कठिनाइयां हमें अवश्य रूप से होगी।

**रोहित मालवीय**, स्कूली छात्र

### महिला सशक्तिकरण केंद्र के माध्यम से महिलाओं को दी जाएगी सुरक्षा

**छिंदवाड़ा ।** समाज में आज भी बेटी की अपेक्षा बैटा की प्राथमिकता पर बल दिया जा रहा हे परिवार मे बेटी का जन्म ना हो इस हेतू प्रसव केंद्रों मे अल्ट्रा सोनो ग्राफी मशीन के माध्यम से गर्भ मे लिंग निर्धारित की सहज उपलब्धता इस समस्या को ओर भी बढावा दिया हे ।गर्भवती महिला के भ्रूण की जांच के दोरान बेटी के होने पर भ्रूणहत्या कर जघन्य अपराध कर रहे हे । बेटी का जीवन मे कितना महत्व हे इस विषय की जानकारी देने , बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश कुमार शिवहरे के मार्गदर्शन में जन जागरूकता कार्यक्रम कन्या शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिछुआ मे प्राचार्य गणेश घागरे , महिला एवं बाल विकास की परियोजना अधिकारी भावना कुमरे की उपस्थिति मे किया गया । इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर श्यामल राव ने छात्रो को सम्बोधित करते हुए बताया की इस हब के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्वेश्य से महिलाओं के साथ हो रही घरेलू हिंसा से पीड़ति महिलाओं, शासन से मिलने वाली योजनाओं , सुविधाओं, ओर सरकारी मदद के बारे मे जानकारी देकर सहायता करना, एवं महिला सशक्तिकरण को बढावा देना है।

# महुए के पेड़ से लटका मिला युवक

### सिंगोड़ी पुलिस चौकी का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी



गुरुवार को सिंगोड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के घाट पिपरिया में एक युवक महुआ के पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटका मिला। राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद सिंगोड़ी पुलिस ने युवक का शव पेड़ से उतार कर पोस्टमार्डम के लिया अमरवाड़ा सिविल अस्पताल पहुंचाया।सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि गुरुवार सुबह सूचना मिली की घाट पिपरिया के पहले सड़क किनारे जंगल में एक युवक महुआ के पेड़ पर बहुत ऊंचाई पर लटका पड़ा है। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचा गया। तथा शव को अपने कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की जिसमे उक्त युवक की पहचान दीपक पिता जीतमल 29 वर्ष ग्राम बगला माल के रूप में हुई। प्राथमिक जांच सामने आया है कि युवक बुधवार को खेत में काम किया और ग्राम खामी में बड़े पापा के घर रात में खाना खाने भी खाया था पर गुरुवार को युवक का शव जंगल में मिला। हालाकि पुलिस ने मर्ग कायम किया है और इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके।

## अजगर को पकड़कर वन विभाग ने जंगल में छोड़ा



**सिंगोड़ीः** सिंगोड़ी क्षेत्र के पुराने इलाहाबाद बैंक भवन के सामने, देवकरण साहू के निवास स्थान के पीछे, पिछले तीन दिनों से एक विशालकाय अजगर के घूमने की खबर से स्थानीय लोगों में डर व्याप्त था। यह अजगर लगभग 10 फीट लंबा था, जिसके कारण लोग अपने घरों से निकलने में भी डर रहे थे।गुरुवार की सुबह, यह अजगर फिर से देवकरण साहू के घर के पिछले दरवाजे के बेहद करीब दिखाई दिया लोगो ने तत्काल स्थानीय जनपद सदस्य योगेश यादव को खबर दी उन्होंने वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरवाड़ा सूचना दी जिसके बादवन विभाग की टीम बिना समय गंवाए मौके पर पहुंची और अजगर को पकड़ने का रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने सावधानी बरतते हुए अजगर को सुरक्षित रूप से काबू किया। अजगर को किसी भी तरह का नुकसान पहुंचाए बिना, उसे आबादी वाले क्षेत्र से बाहर निकालकर घने जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

## प्राथमिक शाला महुआ ढाना में बाटे बच्चे के उपयोगी कपड़े


**छिंदवाड़ा।** रोटरी क्लब ऑफ छिंदवाड़ा द्वारा विश्व विकलांग दिवस पर प्रोजेक्ट ्खुशी के पल्के तहत बुधवार 3 दिसंबर 2025 को ग्रामीण अंचल की शाला शास प्राथमिक शाला महुआ ढाना में बच्चों के बीच पहुंचकर उन्हें उनकी आवश्यकता के नए कपड़े प्रदान करते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी सचिव रोटे निलेश गुप्ता, पीआरओ रोटे अमित मक्कड़ सहित अन्य रोटेरियन साथीयो ने स्कूल प्रभारी मनोज तिवारी की उपस्थिति में बच्चों के बीच खुशियां बाटी। शाला में पढ़ने वाले सभी बच्चे निर्धन परिवार से है ।उन बच्चों को जैसे ही उन्हें नए कपड़े मिले सभी के चेहरे खुशी से खिल उठें।मानो उन्हें कोई अनमोल खजाना मिल गया हो।जब रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे विनोद तिवारी ने बच्चो से पूछा पढ़ाई करके क्या बनोगे तो बच्चों में किसी ने कहा कलेक्टर बनेंगे तो किसी ने कहा फौज में जा कर देश सेवा करेंगे कुछ ने शिक्षक बनकर अच्छे नागरिक बनाने की बात कही ।इन छोटे छोटे बच्चों में प्रतिभा बहुत है।जरूरत है उन्हें अच्छे से तराशने की।रोटरी क्लब के सचिव निलेश गुप्ता ने कहा कि अभी हमने आपको नए पेंट शर्ट इत्यादि कपड़े दिए है। जिसे आप पहने शीघ्र ही और भी स्कूल यूनिफार्म, जूते ,स्वेटर भी हम रोटेरियन साथी शीघ्र उपलब्ध करवाएंगे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## निकली पालकी यात्रा, भक्तों को बांटा जाएगा महाप्रसाद

# धूमधाम से मनाया गया श्री गुरुदेव दत्तात्रेय जी का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री गुरुदेव दत्तात्रेय जी का जन्मोत्सव सत्ती चैक स्थित श्री गुरुदेव दत्तात्रेय मंदिर में गुरुवार को धूमधाम और भक्तिभाव से मनाया गया। गुरुदेव दतात्रेय जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा सम्पूर्ण मंदिर परिसर में आकर्षक साज सज्जा की गई थी। गुरुवार सुबह श्री गुरुदेव दतात्रेय जी के अभिषेक पूजन एवं कथा परायण के पश्चात दोपहर 12 बजे श्री गुरुदेव दतात्रेय जी का जन्मोत्सव मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा बड़े ही भक्तिभाव से मनाया गया । श्री गुरुदेव की जन्मविधि के पश्चात गुरुदेव की सामूहिक आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। श्री गुरुदेव दत्तात्रेय जन्मोत्सव के आठ दिवसीय आयोजन के आज अंतिम दिन 5 दिसंबर दिन शुक्रवार को सुबह श्री गुरुदेव के पूजन पश्चात दोपहर 12 बजे से श्री गुरुदेव जी का लघु रुद्र अभिषेक,आरती एवं गोपालकाला किया जाएगा एवं इन सभी कार्यक्रमो के पश्चात श्री गुरुदेव की भव्य पालकीयात्रा निकाली जाएगी एवं शाम 5 बजे से महाप्रसाद वितरण एवं भंडारे के साथ कार्यक्रमो का समापन होगा। श्री गुरुदेव दत्तात्रेय मंदिर समिति के अध्यक्ष विश्वेन्द्र सिंह बैस एवं अन्य सभी पदाधिकारियों ने समस्त जिलेवासियों से श्री गुरुदेव की भव्य पालकीयात्रा एवं विशाल भंडारे में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## 5 सचिवों को मिला प्रशंसा पत्र

पांढुर्णा। पीएम ग्रामीण आवास मिशन के तहत जिन ग्रामपंचायतों के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन सचिवों द्वारा व्यक्तिगत रूचि लेकर शतशप्रतिशत पूरा कर लिया गया है, उन्हें जनपद सीईओ बंदु सूर्यवंशी ने प्रशंसा पत्र प्रदान किए। प्रशंसापत्र पाने वाले सचिवों में सुभाष काले सचिव ग्रामपंचायत खेडिकला, शेख युसूफ सचिव ग्रामपंचायत आजनगांव, सुनील डिगरसे सचिव ग्रामपंचायत मरकावाडा, पवन गोरे सचिव बडचिचोली, संदीप गावंडे रोजगार सहायक ग्रामपंचायत नांदनवाडी तथा भोजराज तुमडाम रोजगार सहायक सिल्लेवानी शामिल है। जनपद सीईओ बंदु सूर्यवंशी ने उक्त 6 कर्मचारियों के कार्य को उत्कृष्ट बताते हुए बधाई देते हुए इनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



## साइंस कॉलेज में हुआ मैथ्स क्विज



पांढुर्णा। स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शा. साइंस कॉलेज में आज 4 दिसंबर को मैथ्स क्लब के तत्वाधान में क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में हुई इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता तथा गणितीय रूचि को बढावा देना रहा। इस अवसर पर गणित विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. ललिता धुर्वे द्वारा क्विज का संचालन करते हुए सभी टीमों से सवाल पूछे गए। इस प्रतियोगिता के लिए बीएससी प्रथम, बीएससी द्वितीय, बीएससी तष्तीय एवं एमएससी फर्स्ट यह 4 टीमें बनाई गई। पांच राउंड होने के बाद प्रथम विजेता बीएससी द्वितीय वर्ष की टीम विजेता बनी। इस टीम में कु. निधि साहू, कु. रेलीश खान, कु. हर्शाली भद्रे, कु. वैशणवी रावत एवं कु. दीक्षा राजगुरू शामिल रही। प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर बीएससी प्रथम वर्ष की टीम रही। स्कोरर के रूप में डॉ. अनि पिंपलकर और पूजा बावनकर द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया। अंत में डॉ. प्रजेंद्र सिंह रघुवंशी सभी प्रतिभागी टीमों एवं स्टाफ का आभार प्रदर्शन किया।

# आंगनबाड़ी भवन का हो रहा घटिया निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया के वार्ड 16 में निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन को लेकर वार्डवासियों ने घटिया निर्माण की शिकायत की है । जिस के बाद गुरुवार को नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह और पार्षद पूनम कैथवास द्वारा वार्ड 16 में बन रही है आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया । उन्होंने बताया कि निर्माण में घटिया गुणवत्ता हीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है । वार्डवासियों ने बताया , कि सीमेंट और रेत मिश्रण उचित अनुपात में नहीं किया जा रहा है । ईंट जुड़ाई नाम भर की है । सबसे ख़तरनाक स्थिति यह है , कि जहां आंगनबाड़ी का निर्माण हो रहा है वहां पास में लगा हुआ अनुपयोगी क्षत्तिगस्त कुआं है ।पास ही में खुला हुआ नाला है और गौप भी है । ऐसे खतरनाक स्थान के समीप आंगनबाड़ी का निर्माण कराया जाना समझ से परे है । यह आंगनवाड़ी भवन भविष्य में बच्चों के लिए खतरा हो सकता है । लगातार ऐसी स्थिति होने के बाद भी उस जगह आंगनबाड़ी का निर्माण हो रहा है । नेताप्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह , पार्षद पूनम कैथवास , अशोक शर्मा , विक्की मंदरे सहित वार्डवासियों ने कहा , कि तत्काल आंगनवाड़ी भवन का निर्माण कार्य को बंद किया जाए और जांच की जावे ।

## विद्यार्थियों ने मनाई गीता जयंती



छिंदवाड़ा। श्री शक्ति ट्रस्ट एवं संस्कृत पुस्तकोंन्नति सभा द्वारा संचालित सन्त श्री आशाराम जी आश्रम खजरीं द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गीता जयंती पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया । श्री योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में जिले भर के सैकड़ो स्कूलों में आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित कर जिले के उच्च अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को श्री मद भगवदगीता साहित्य भेंट की । इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदन मोहन परसाई ने बताया कि पूज्य बापूजी के आशीर्वाद से हम लोग गत 20 वर्षों से गीता जयंती महोत्सव मना रहें हैं । विद्यार्थियों में गीता ज्ञान का संचार हो इस निमित्त प्रतिवर्ष प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है । श्री मद भगवदगीता समस्त प्राणियों के कल्याण के लिए है । जीवन में सुखी , सम्मानित और निरोगी रहने का ज्ञान भी भगवदगीता सिखाती है । भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के अवतरण का उद्देश्य भी गीता ज्ञान ही है । कठिन और विपरीत परिस्थितियों में यह ज्ञान बहुत उपयोगी होता हैं । प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा । सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था की गई है । उधर गुरुकुल में भी भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । जिसमें हजारों विद्यार्थियों ने एक साथ गीता पाठ का वाचन किया ।मुख्य अतिथि के रूप में किशोर न्यायलय के ज्यूरी सदस्य एव विधि महाविद्यालय के चेयरमैन नवनीत व्यास ,जिले में संचालित 264 एकल विधालय के संरक्षक एव मप्र जन अभियान परिषद के प्रदेशउपाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ,आकाश इंस्टीट्यूट के संचालक अभिषेक विश्वकर्मा ,मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# सांसद खेल महोत्सव मंडल स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



भाजपा मंडल बिछुआ के तत्वाधान में दशहरा मैदान बिछुआ में सांसद खेल महोत्सव मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर किया गया,प्रतियोगिता में गुरुवार को कुल 3 मुकाबले खेले गए,पहला मुकाबला सनराइज स्कूल बिछुआ बनाम उच्चतर माध्यमिक बालक बिछुआ,दूसरा मुकाबला शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोनी बनाम सतपुड़ा शारदा विद्यालय बिछुआ,एवं तीसरा मुकाबला उल्हावाड़ी11 बनाम सोनी कोचिंग क्लासेस के मध्य खेला गया।

इसी तारतम्य में क्रमशःउच्चतर माध्यमिक बालक बिछुआ,सतपुड़ा शारदा बिछुआ,एवं सोनी कोचिंग क्लासेस ने अपने अपने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश किया,सभी मुकाबले अंडर 17 के अंतर्गत खेले गए। भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने प्रतियोगिता में आए खिलाड़ियों एवं अतिथियों का अभिवादन कर टीमों का उत्साहवर्धन किया।

इस दौरान मुख्य रूप से विधानसभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,जनपद अध्यक्ष सतीश भलावी,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,परिषद उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे,महामंत्री द्वय विजेंद्र सिंह दीक्षित, श्रीमती कीर्ति करमेले, पार्षद अनिल कुर्मी, बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े, श्रीमती बिंदु मालवीय, जनपद सदस्य पाला सरयाम, सीईओ गौरव तिवारी, बीईओ लक्ष्मीकांत मिश्रा, बीआरसी दिनेश डिगरसे, उमेश कुरोठे, उपाध्यक्ष बलदेव बोबडे, हिम्मतराम सोनी,अरुण साहू, रामकुमार वर्मा, घनश्याम पवार, सोनू नागरे, नीलेश चोपड़े, प्रमोद श्रीवास, रजत वानखेड़े,सचिन कड़वे, मोनू पवार, मनोज साहू, मिथुन कटारे,विनोद मालवीय, असलम खान,क्रीड़ा अधिकारी डॉ नीरज सर, चन्द्रभान नागरे, प्रकाश डेहरिया, संजीव गौतम, कैलाश यादव, सुधीर गौतम,मुकेश कोचे आदि मौजूद रहे।

# उकवा साँई मंदिर धूमधाम से हुआ साँई मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

ग्राम पंचायत उकवा वार्ड क्रमांक 12 पानी टोला में हर साल की तरह इस साल भी दत्ता जयंती के अवसर पर साँई मेले का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया जिसमें हजारों की संख्या में साँई दर्शन के लिए एवं मेले का लुफ्त उठाने भक्तगणो की भीड़ उमड पड़ी साँई मेले में आए दर्शको ने साँई मंदिर में साँई दर्शन कर पूजा अर्चना की उसके पश्चात साँई मंदिर में साँई महाप्रसादी ग्रहण किया, उसके पश्चात देर रात तक खरीददारी कर मेले में लगे तरह-तरह के व्यंजनों का लुप्त उठाया ।

## कुम्हारीकला के परेशान किसानों ने कहा सोसायटी को यथावत रखा जाए केन्द्र, किसानों को 15 किमी से ज्यादा की पड़ रही दूरी

# दो वर्ष पूर्व धान चोरी के आरोपी प्रबंधक को ही फिर बना दिया केंद्र प्रभारी, किसानों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज लांजी।

शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी 185 धान खरीदी केन्द्रो में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 1 दिसंबर से प्रारंभ कर दी गई है लेकिन जनपद क्षेत्र लांजी अंतर्गत आने वाले ग्राम कुम्हारीकला के किसान इन दिनों केंद्र को पुराने स्थान से हटाकर पालडोंगरी कैप में स्थानांतरित किये जाने के अलावा इस केंद्र के प्रबंधक के रूप में 2022 के धान चोरी के आरोप में जेल की हवा खा चुके प्रबंधक के रूप में पुनः होमेश्वर बल्ले को बनाये जाने से खासे नाराज हैं। उक्त प्रबंधक को अभी तक इस मामले में माननीय न्यायायल द्वारा बरी नहीं किया गया है, जबकि केंद्र प्रबंधक होमेश्वर बल्ले द्वारा विभाग के साथ सांठ गांठ कर पुनः केंद्र की कमान अपने हाथों में ली गई है और पालडोंगरी कैप में इसलिये केंद्र का स्थानांतरण कराया है ताकि वह यहां अपनी मनमानी करते हुए आसानी से अपनी कारगुजारियों को अंजाम दे सकें जिससे अन्नदाता किसान परेशान होंगे। दूसरी ओर पालडोंगरी खरीदी केन्द्र की दूरी ज्यादा होने से किसान नाराज है। किसानों ने प्रशासन को खरीदी केन्द्र को बदले जाने का विरोध करते हुए कुम्हारीकला केन्द्र को यथावत रखे जाने की मांग की। अन्नदाता किसानों ने बताया कि दशको से सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला में धान खरीदी की जा रही है, कई बार स्थान परिवर्तन किया गया लेकिन फिर सोसायटी में धान खरीदी गई लेकिन इस बार सोसायटी कर्मचारियों के धान खरीदी से इंकार करने के कारण कुम्हारीकला के किसानों के लिए पालडोंगरी कैप को धान खरीदी का केंद्र बना दिया गया है। जिससे सेवा सहकारी समिति कुम्हारीकला से जुड़े किसान नाराज है, चूंकि, कुम्हारीकला से पालडोंगरी कैप की दूरी, 15 से 18 किलोमीटर है, ऐसे में किसान कैसे कैप मे जाकर कैसे, धान बेच पाएगा। क्षेत्र का किसान चाहता है कि कुम्हारीकला सोसायटी में ही धान खरीदी प्रारंभ कराई जाए। किसानों ने बताया कि प्रशासन द्वारा प्रबंधक के साथ मिलकर किसानों को परेशान करने का कार्य किया जा रहा है। किसानों की सुविधा को देखते हुए प्रशासन कुम्हारीकला सोसायटी को ही केन्द्र बनाकर यहां धान खरीदी कराए।



### इनका कहना है

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है। विभागीय तौर पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

**कमलचंद सिंहसार,**
**एसडीएम, लांजी**

## झाड़फूंक कराने और एंबुलेंस नहीं मिलने से उपचार में हुई देरी

# खेत में बकरी चराने गए युवक को सांप ने काटा

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास की जड़े आज भी बेहद गहरी है। जिस वजह से लोग जादू-टोना, भूत-प्रेत जैसी बातों पर विश्वास करते हैं। अंधविश्वास की इस पराकाष्ठा की वजह से आज एक युवक को सर्पदंश की घटना के बाद समय पर सही उपचार नहीं मिल पाया और वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। पूरा मामला सिवनी जिले के सालई गर्रा गांव के युवक संजय पिता देवीप्रसाद हरदे की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। संजय बुधवार को खेत में बकरी चराने के लिए गया हुआ था जहां उसके हाथ में सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजन घायल युवक को नजदीक के अस्पताल ले जाने की बजाय करीब 40 किलोमीटर दूर कटंगी के ग्राम लोहमारा में सर्पीबारी यानी झाड़ फूंक के जरिए सांप का जहर उतरवाने के लिए लेकर आ गए। ग्रामीणों के बताए अनुसार घटना बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे के आसपास है। युवक को दोपहर में 3 बजे लोहमारा लाया गया और जब वहां पर उपचार नहीं हो पाया तो परिजन युवक को सरकारी अस्पताल कटंगी लेकर पहुंच गए। तब तक युवक की हालत बहुत अधिक बिगड़ चुकी थी। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया।

मगर यहां से युवक के परिजनों के लिए एक नई परेशानी खड़ी हो गई। घायल युवक को सरकारी अस्पताल कटंगी से एंबुलेस नहीं मिल पाई। संजीवनी 108 के ईएमटी और पायलट से जब जिला अस्पताल बालाघाट नहीं जाने का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि टायर खराब है। टायर के लिए डिमांड भेज दी गई है। अभी केवल लोकल के ही मरीजों को सेवाएं दी जा सकती है। जब संजीवनी 108 के इस हालात को लेकर जिला प्रबंधक शुभम लिल्हारे से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया की टायर के लिए भोपाल ईमेल किया गया है। वहां से टायर आने पर संजीवनी 108 में टायर लग जाएगा। टायर और बैटरी भोपाल से ही मिलती है। हालांकि उन्होंने यह भी भरोसा दिया कि शीघ्र ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी। इधर, शाम करीब 05 बजे तक जब सरकारी वाहन की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई तब घायल युवक के परिजन ने किराए से प्राइवेट एंबुलेंस की और उसे लेकर जिला अस्पताल बालाघाट रवाना हुए। बता दें कि क्षेत्र में दो संजीवनी 108 एंबुलेंस और 1 जननी है। दोनों एंबुलेंस की हालत खराब है। जिस कारण मरीजों को रेफर करने पर एंबुलेंस की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे गरीब जनता परेशान हो रही है और नेता अपनी सरकार का गुणगान करने में ही मगन है। विपक्ष घर में बैठा हुआ सो रहा है जिसे जनता की तकलीफ दिखाई नहीं दे रही है।

## डायल 112 ने घायल महिला को पहुंचाया अस्पताल

# जंगली सुअर ने किया प्राणघातक हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



घटते प्राकृतिक आवास और जंगल के भीतर भोजन-पानी की कमी के चलते अब वन्य प्राणी बसाहट के नजदीक आ रहे है। खासतौर पर वन्य प्राणी जंगली सूअर ने खेतों को अपना नया ठिकाना बना लिया है। ऐसे में आए दिन जंगली सूअर और इंसानों के बीच संघर्ष की घटनाएं सामने आ रही है। ऐसी ही एक घटना गुरूवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 07 किमी. दूर ग्राम बाहकल से सामने आई। यहां खेत में कृषि कार्य कर रही एक 45 वर्षीय महिला सूर्यकांता पति नोहरसिंह राणा पर जंगली सूअर ने अचानक से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल महिला के परिजन ने डायल 112 को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 113 में ड्यूटी में तैनात आरक्षक विमलेश सिसोदिया और पायलट राहुल कुमार ठाकरे घटनास्थल पर पहुंचे। जिन्होंने घायल महिला को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया। डायल 100 की तत्परता से घायल महिला को समय पर उपचार मिल गया और अब उनकी हालत में सुधार है।

वन सुधार के नाम पर मिश्रित वनों की अंधाधुंध कटाई ने वन्य प्राणियों से उनके प्राकृतिक आवास छिन लिए है। जिस कारण आज शाकाहार वन्य प्राणियों ने बसाहट के नजदीक गांवों के खेतों में अपना डेरा जमा लिया है। वन क्षेत्र से सटे खेतों में जंगली सूअर के अलावा हिरण के नाम पर पुकारी जाने वाली सांभर, चीतल, बारहसिंगा जैसी शाकाहार वन्य प्राणियों की प्रजातियां विचरण करते हुए देखी जाती है। यह वन्य प्राणी किसानों की फसलों को बर्बाद कर रहे है। ऐसे में यह किसान वन्य प्राणियों को अपना दुश्मन समझने लगे है और इन्हें खेतों से दूर रखने के लिए कई तरह के जतन कर रहे है। किसान करंट का भी सहारा लेते है। जिससे कई बार वन्य प्राणी की मौत हो जाती है और किसान को कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ग्रामीणों को वन्य जीव और वनों के संरक्षण का पाठ पढ़ाता है। जबकि फसलों की बर्बादी को देखते हुए किसान वन्य प्राणियों को मारने की अनुमति मांग रहे हैं।

सरकारी की नीतियों के तहत बीते 02 दशक में मिश्रित वनों को काटकर सागौन प्लांटेशन को बढ़ावा दिया गया है। जिससे वन्य प्राणियों के प्राकृतिक आवासों को बड़ा नुकसान हुआ है। शाकाहार वन्य प्राणी भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए बसाहट तक आ रहे है तो इन शाकाहार वन्य प्राणियों का शिकार करने के लिए इनके पीछे बाघ और तेंदुआ भी गांव तक आ रहे है। बाघ और तेंदुए पालतु मवेशियों का लगातार शिकार कर रहे है। जिसने किसानों और पशुपालकों की मुसीबत और अधिक बढ़ा दी है।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया का आयोजन

# बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन 21 दिसंबर को

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। भारतीय बौद्धो की धार्मिक,सामाजिक धम्म संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के माध्यम से संस्था के राष्टीय ट्रस्टी कार्याध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबा साहेब आंबेडकर जी के पौत्र डॉ. भीमराव यशवंतराव आंबेडकर साहेब मुंबई के नेतृत्व एवं निर्देशानुसार पूरे भारत देश में बौद्ध धम्म का संपूर्ण कारवा गतिमान किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में डॉ.चरनदास ढेंगरे के नेतृत्व में भी संस्था के विभिन्न प्रकार के धम्म प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन एवं अन्य धम्म कार्यो के माध्यम से धम्म कारवां गतिमान किया जा रहा है। इस क्रम को जारी रखते हुये संस्था की वारासिवनी तहसील जिला बालाघाट के तत्वावधान में दिनांक 21 दिसंबर 2025 को स्थानीय अभिनंदन लॉन लालबर्रा रोड में प्रातः 10.30 बजे से विवाह योग्य बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन में विवाह योग्य युवक, युवतियां एवं विधवा-विधूर, तलाकसुदा सदस्य भी सम्मिलित हो सकते है। सम्मिलित होने के लिये संस्था के प्रदेश, जिला, सभी तहसीलों के अध्यक्ष एवं विशेषकर वारासिवनी तहसील के पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है। संस्था के बालाघाट जिले के सभी शाखाओं को दिये गये टारगेट के अनुसार सभी इस टारगेट को पूरा करने हेतु डॉ.ढेंगरे जी प्रदेश अध्यक्ष एवं अशोक मेश्राम जी जिलाध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.चरनदास ढेंगरे अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य शाखा एवं केन्द्रीय शिक्षक होगें। अध्यक्षता आर.डी.बंसोड अध्यक्ष वारासिवनी तहसील शाखा., प्रमुख अतिथियों में आर .के.कठाने प्रदेश सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक, आयुनि.हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष एवं केन्द्रीय शिक्षिका, राजकपुर कामडे प्रदेश कार्या.सचिव एवं केन्द्रीय शिक्षक, धमेन्द्र कुरील पूर्व प्रदेश सचिव, अशोक कुमार मेश्राम जिला अध्यक्ष बीएसआई बालाघाट,विशिष्ट अतिथियों में धनराज रामटेके जिला संघठक, इंजीनियर आनंद बंसोड, सामाजिक चिंतक वारासिवनी, आयुनि.प्रमीला ताई चौहान जिला कोषाध्यक्ष, सभी जिला उपाध्यक्ष, सभी तहसीलों के अध्यक्ष गण, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होगें।



**खबर संक्षेप**

### श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी 6 को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** बहुजन समाज पार्टी द्वारा 6 दिसंबर 2025 को कचहरी चौक सिवनी में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर जॉन स्तरीय श्रद्धांजलि सभा एवं विचार संगोष्ठी का आयोजन सुबह 11 बजे से आयोजित है जिसे संबोधित करेंगे बालकिशन चौधरी केंद्रीय स्टेट कोऑर्डिनेटर बसपा मध्यप्रदेश एवं उमाकांत बंदेवार जॉन प्रभारी बालाघाट, अजाब शास्त्री जॉन प्रभारी बालाघाट, ज्ञानेश्वर गजभिए जॉन प्रभारी बालाघाट, रामजी सतनामी जॉन प्रभारी सतना प्रेस को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी लालसिंह नंदौरे जिला अध्यक्ष सिवनी द्वारा दी गई है संगोष्ठी को सफल बनाने की श्रीमती जलसों उईके रामसिंह रजक लखनादौन शैलेन्द्र कोसरे अध्यक्ष केवलारी रामप्रसाद बारमाते अध्यक्ष बरघाट ,एड नरेंद्र अहिरवार अध्यक्ष लखनादौन जय कुमार डहेरिया अध्यक्ष सिवनी मनोहर डहेरिया जिला बी व्ही एफ संयोजक सिवनी।

गुर्रापाठा एवं अरी धान खरीदी केन्द्र में धांधली शुरू

# खरीदी गई बोरियों में ना ही तुलाई हुई, न ही टेग लगे, कृषि विस्तार अधिकारी ने बनाया पंचनामा

**समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ ही हुई है कि मैदानी स्तर भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं की शिकायत आना भी प्रारंभ हो गई।**

## पोर्टल पर अवैध एवं काल्पनिक खरीदी दर्शाकर एडवांस बिल काटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के बरघाट विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम गुर्रापाठा एवं अरी धान खरीदी केन्द्र में बिना धान खरीदी, तुलाई, भराई, बारदान वितरण एवं सिलाई व टेंग लगाये ही एडवांस बिल कटने जैसी गंभीर अनियमितता किये जाने की शिकायत भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री अजय मेश्राम के द्वारा जिला कलेक्टर से की गई है।

शिकायत में बताया गया कि दिनांक 02 दिसंबर 2025 को खरीदी केन्द्र गुर्रापाठा एवं अरी उसरी मातारानी स्व सहायता समूह करीरात तथा धनलक्ष्मी समूह कारीरात के द्वारा समर्थन मूल्य पर धांधली किये जाने का मामला सामने आया है।



फाईल फोटो

उक्त दोनों खरीदी केन्द्र में वास्तविक रूप से बिना धान की आवक, तुलाई, सिलाई, कोड टेंग छापा तथा किसी भी प्रकार का भौतिक संकलन कार्य किए बिना ही पोर्टल पर एडवांस धान की एंट्री कर दी गई है तथा रेडी टू-ट्रांसफर भी कर दिया गया है। सुबह लगभग 10 बजे 50 क्विंटल 125 बोरी गुर्रापाठा तथा 40 क्विंटल 80 किलोग्राम 124 बोरी अरी के खरीदी केन्द्र में एडवांस बिल काट दिये गये जबकि शिकायत के समय तक धान खरीदी केन्द्र प्रागण में एक भी बोरी धान नहीं पहुंची थी, किसी प्रकार की ना तो तुलाई हुई और ना ही सिलाई हुई। समूहों के पास न तो एमपीएससीएससी द्वारा जारी बारदाना उपलब्ध था और ना ही बारदाना वितरण का कोई आदेश जारी हुआ था, वीडियों एवं स्थल निरीक्षण में यह भी स्पष्ट हुआ कि समूहों ने घर से बारदाना लाने का भी कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया, इसके पश्चात कृषि विस्तार अधिकारी मौके स्थल पर पहुंचे और मामले में पंचनामा तैयार किया गया, जिसमें स्पष्ट रूप से पाया गया कि ना ही तुलाई हुई, न ही टेग लगे और घर से बोरिश लाने का भी वीडियों मौके स्थल पर नहीं था और ना ही धान मौजूद थी ना बोरी और ना ही कांटे मौजूद थे फिर भी पोर्टल पर अवैध एवं काल्पनिक खरीदी दर्शाकर एडवांस बिल काटे गए। यह संपूर्ण प्रकरण खुलेआम की गई धाधली एवं फर्जीवाड़े और सरकारी प्रणाली को ठगने का संगछित प्रयास प्रतीत होता है। शिकायत में कहा गया कि उक्त मामला जिले में उपार्जन कार्य की विश्वासनीयता पर सीधा प्रहार है।

शिकायतकर्ता श्री मेश्राम ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर खरीदी का जिम्मा संभालने वाले दोनों स्व-सहायता समूह मातारानी स्व सहायता समूह कारीरात तथा धनलक्ष्मी समूह कारीरात के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए ब्लेक लिस्ट किया जाये और खरीदी का कार्य नये स्व-सहायता समूह समिति को सौंपा जाये। साथ ही दोनों स्व. सहायता समूहों, समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटरों एवं खरीदी प्रभारी पर एफआईआर दर्ज करायी जाये और उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाये।

# पुलिस कुरई ने क्यू.आर. कोड के माध्यम से सायबर फ्राड करने वालो को भेजा जेल

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता (भापुसे) द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को सायबर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही नियंत्रण हेतु आदेशित किया गया है उक्त आदेश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट ललीत गठरे के मार्गदर्शन में लगातार सायबर अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है एवं जनता को सायबर अपराधियों से बचने के संबंध में लगातार जागरूक किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घटना दिनांक 03/12/2025 को फरियादि अहमद सईद पिता स्व. अब्दुल लतीफ उम्र 73 साल निवासी ग्राम सुकतरा ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह अपने पेट्रोल पंप में शाम 7:30 बजे उपस्थित था तभी दो लड़के बाइक से आकर बोले अंकल हमें 10,000 रूपए कैश दे दो हम phonepay से आपको ट्रांसफर कर देंगे अहमद सईद ने उनको 10,000 रूपए दे दिए और अपने कर्मचारी को QR कोड के माध्यम से पैसे लेने को बोला । इतने में उनमें से एक व्यक्ति (विकास) ने अपने मोबाइल में 10,000 पेमेंट का मैसेज दिखाया और जाने लगा। जब पैसे अकाउंट





में नहीं आए तो फरियादि की रिपोर्ट थाना कुरई में अप क्र. 541/25 धारा 318(4), 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना संदेही विकास देशभरतार उसके एक अन्य साथी दोंनो निवासी जीरेवाडा से पूछतांछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताये कि हमलोग फोन पे के क्लोन एप्प से राशी खाते में जाने का मेसेज दिखाकर पैसे या पेट्रोल ले लेते थे। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

आरोपियों के कब्जे से फ्राड़ की गई राशी जप्त की गई है। गिरफ्तार आरोपी-01-विकाश उर्फ विक्की देशभारतार पिता धनराज देशभरतार उम्र 21 साल निवासी ग्राम जीरेवाडा थाना कुरई एवं उसका एक अन्य साथी निवासी उल्लेखनीय भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक के. एस. तेकाम, सउनि रोशन लाल ठाकरे, शैलेन्द्र डोंगरे, प्र.आर. लक्षमण भलावी, आरक्षक चंचलेश नरवरे, अविनाश पाण्डेय, बालचंद नगरधने की सराहनीय भूमिका रही।



# दुर्गाम्बा का 11वां पाटोत्सव विशाल शोभायात्रा के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

नगर के हृदय स्थल पर स्थित दुर्गा मंदिर मे स्थापित श्री दुर्गाम्बा का 11वां पाटोत्सव विशाल शोभायात्रा के सम्पन्न। प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष चतुर्दशी एवं पूर्णमासी को जयंती स्वरूप पटोत्सव मनाया जाता है। मंदिर के पुजारी शास्त्री शशि भूषण तिवारी व पंडित व्रजराज दुबे के मुखारविंद से प्रथम दिवस श्री दुर्गाम्बा के विधि विधान से समग्र पुजन,मंडप देवताओं का आवहान, नवचंडी यज्ञ, नावरण पूजन, हवन, महाआरती, सुहासिनीं पूजन सम्पन्न हुई। दिनांक 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से बाहर से आये राधा कृष्ण रुप के कलाकार बेंड बाजो की धुन पर भगवान -श्री कृष्ण के महारास नृत्य की झलकियों के साथ नगर मे 300 बालिकाओं के क्लश धारण किये श्री माता की शोभा यात्रा निकाली गयी, तत्पश्चात लक्ष्मण मोदी, प्रमोद मोदी, विशाल मोदी परिवार के द्वारा 56 भोग अर्पण कर, दुर्गा मंदिर समिति के द्वारा शोभायात्रा मे शामिल सैकडो बालिकाओं का पुजन कर प्रतीक स्वरूप मे टिफिन बॉक्स भेट किया गया। विशाल भंडारा के साथ -श्री माता का 11 पाटोत्सव सम्पन्न हुआ। दो दिवासीय नगर के इस इतिहासिक कार्यक्रम मे सेकडो महिलाओं, पुरूषों की उपास्तिथी थी।जिसमें सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र तो राधा रानी स्वरूप मे बहार से आये कालोकारो का था जिन्होंने नगर शोभा यात्रा मे चौक चोराहो मे कृष्ण राधा संग प्रेम गीतो पर महारास का मंचन नृत्य के द्वारा किया ।

# शिक्षिका ने विद्यार्थियों पर दबाव डालकर अल्लाह हू अकबर के नारे लगवाए

## विहिप-बजरंग दल ने कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अरी : जिले के अरी थाना क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरी में गीता जयंती कार्यक्रम के दौरा न हुए धार्मिक विवाद ने तूल पकड़ लिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे ने विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति प्रतीक्षा मानगढ़े को पद से हटाकर जिला शिक्षा कार्यालय में संलग्न कर दिया है।

कार्यक्रम में विवाद के बाद तत्काल प्रभाव से हटाई गईं प्राचार्य

1 दिसंबर को आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम के समापन के दौरान विवाद की स्थिति बनने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 03 दिसंबर को आदेश जारी करते हुए श्रीमति मानगढ़े को उनके पद से मुक्त कर दिया। विद्यालय संचालन की निरंतरता बनाए रखने हेतु वरिष्ठ उ.मा.शि. धर्मेंद्र कुमार पटले को नया प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया गया है।

विहिप और बजरंग दल का आरोप विद्यार्थियों पर लगवाए गए धार्मिक नारे घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी एवं डीईओ को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान हिन्दू विद्यार्थियों पर दबाव डालकर अल्लाह हू अकबर के नारे लगवाए गए, जिससे हिन्दू समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं।

संगठनों ने इसे गंभीर प्रकरण बताते हुए संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई, साथ ही शिक्षा विभाग स्तर पर कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। सिर्फ संलग्न करना पर्याप्त नहीं बजरंग दल जिला संयोजक बजरंग दल माधव दुबे ने डीईओ द्वारा की गई कार्रवाई को नाममात्र बताते हुए कहा कि यह केवल औपचारिक कार्रवाई है। दोषियों पर कठोर कदम उठाए जाएँ, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों।

# कुडारी में कलेक्टर ने एक बगिया मां के नाम योजना से स्वीकृत कार्य में किया पौधारोपण

**शासन के प्रावधान अनुसार कार्य संपादित करने पर ग्राम पंचायत कुडारी एवम हितग्राही चंद्रमुखी सोनी की कलेक्टर ने की प्रशंसा**

जिला कलेक्टर शीतला पटले ने भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत धनौरा के दौरान आज जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुडारी के मझगवा में मनरेगा योजना अंतर्गत लाभार्थी एनआरएलएम समूह की दीदी चंद्रमुखी सोनी के 01 एकड़ निजी कृषि भूमि पर स्वीकृत एक बगिया मां के नाम कार्य का निरीक्षण किया तदोपरांत हितग्राही के खेत मे ही पौधारोपण भी किया, श्रीमती सोनी द्वारा अपने खेत मे हाइब्रिड प्रजाति के आम के 100 पौधे रोपित कराए जा रहे हैं, जिसमें प्रावधान अंतर्गत खेत की पोल लगाकर तार फेंसिंग भी कराई गई है कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा योजना के प्रावधानों के अनुरूप मानक पौधे, मानक पोल एवम तार फेंसिंग लगाना पाए जाने पर सरपंच/ सचिव के के साहू ग्राम पंचायत



कुडारी सहित कार्य मे संलग्न समस्त अमले की प्रसंशा की, योजना क्रियान्वयन हेतु की गई प्लानिंग के संबंध में भूपेंद्र सिंह राजपूत अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी धनोरा द्वारा कलेक्टर महोदया को विस्तृत जानकारी देते हुए योजना की प्रगति से अवगत कराया।

कलेक्टर ने समूह की महिलाओं से संवाद कर फलोधान के साथ साथ मल्टी क्रॉपिंग कर खेती को अधिक लाभकारी बनाने की सलाह दी, ग्राम की महिलाओं से संवाद व योजना के क्रियान्वयन की तैयारियों व दिए गए तकनीकी प्रशिक्षण की सराहना की। एवं अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना से जुड़ने की अपील की। जनपद धनोरा क्षेत्र में स्व सहायता समूहों की कुल 100 महिला हितग्राहियों को इस प्रकार के लाभ मनरेगा योजना से दिए जा रहे है।

भ्रमण के दौरान एसडीएम घंसौर, सीईओ जनपद धनोरा, तहसीलदार धनोरा, बीडीओ , एपीओ मनरेगा धनोरा,सहायक यंत्री उपयंत्री पंचायत सरपंच,सचिव ग्राम रोजगार सहायक सहित शासकीय अमला उपस्थित रहा।

### अपमान जनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में आज कुर्मी समाज सौपेंगा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कुर्मी समाज को मुरारी पांडे नामक व्यक्ति द्वारा अभद्र भाषा का उपयोग कर अपमानित किया गया है, एक उच्च वर्ग जो हिन्दू धर्म में पूज्यनीय माना जाता है उसके द्वारा कुर्मी समाज को लेकर अशोभनीय टिप्पणी की गई है और बार बार दोहराया है। इससे हम आहत हैं और 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजे मुरारी पांडे पर दंडात्मक कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

कुर्मी समाज के सभी साथियों से अनुरोध है कि दोपहर 12 अंबेडकर चौक पहुंचकर पहुंच कर अपने अपमान के विरोध में एक जुट होने का कष्ट करें। यहां से एक साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

## एग्रीकल्चर विज्ञान एवं तकनीक से खुले समृद्धि के रास्तेः कृषि विज्ञान केंद्र में स्कूली के छात्रों ने सीखी नई बातें

**सिवनी** /कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में आज व्यावसायिक शिक्षा योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ताखलाकला (वि.खं. बरघाट, जिला सिवनी) के 60 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण किया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्र प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान, मिट्टी का स्वास्थ्य, शुद्ध जल एवं वायु के संरक्षण तथा इन प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को कृषि क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य बनाने हेतु प्रेरित किया।

केंद्र के डॉ. के.पी.एस. सैनी ने कृषि क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं एवं तकनीकी ज्ञान के महत्व पर उपयोगी टिप्स दिए। इसके बाद विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न इकाइयों केंचुआ खाद उत्पादन इकाई,अजोला उत्पादन इकाई,पशुपालन इकाई, अमरूद उद्यान,आंवला उद्यान,फसल संग्रहालय का अवलोकन किया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. के.के. देशमुख, डॉ. एन.के. सिंह, इंजीनियर कुमार सोनी एवं डॉ. के.पी.एस. सैनी ने दैनिक जीवन में एग्रीकल्चर विज्ञान की उपयोगिता व आवश्यकता पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

भ्रमण के दौरान कर्मचारियों देवी प्रसाद तिवारी, ओम ब्रोकर, नीत लाहोरी आदि का सहयोग रहा। शाला की ओर से के.एस. ठाकुर, डी.के. सूर्यवंशी, आर.एस. बर्वे, श्रीमती रंजीता पटले एवं श्रीमती स्वाति देशमुख उपस्थित रहे।

## विशेषज्ञों ने एचआईवी , लक्षण और रोकथाम पर दी गहन जानकारी

**सिवनी :** एआरटी सेंटर, जिला चिकित्सालय सिवनी में 4 दिसम्बर, गुरुवार को एचआईवी/एड्स जागरूकता, रोकथाम और उपचार पर आधारित एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज सिवनी के चिकित्सकों, सीनियर रेजर्ड़ेंट्स, इंटन्र्स तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अनेक अधिकारी,कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा समुदाय को एड्स से संबंधित अद्यतन जानकारी प्रदान करना और मरीजों को बेहतर एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने हेतु स्टाफ को प्रशिक्षित करना था। एआरटी सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ. जयज काकोडिय़ा ने कार्यशाला में उपस्थित मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों, सीनियर रेजर्ड़ेंट्स, इंटन्र्स तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो एवं कर्मचारियों को पोस्ट-एक्सपोजऱ प्रोफिलैक्सिस (पीईपी) पर विस्तारपूर्वक बताया।

## डायमंड जंबूरी में जिले के 18 स्काउट हुए शामिल

# मोगली की झांकी की गई प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

भारत स्काउट गाइड के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर डायमंड जंबूरी का आयोजन लखनऊ के एस्प्रो छावनी मैदान पर किया गया। इस डायमंड जंबूरी में भारत के सभी राज्यों से लगभग 35000 स्काउट गाइड में हिस्सा लिया। मध्यप्रदेश के 900 स्काउट गाइड शामिल हुए, जिसमें सिवनी जिले का 18 सदस्यीय दल जिला दल लीडर विजय शुक्ला एलटी स्काउट एवं सहायक जिला लीडर बाल गोविंद पाठक के नेतृत्व में शामिल हुए। राष्ट्रपति के गार्ड ऑफ ऑनर के समय जिले के स्काउट केशव बेदी, पृथ्वीराज सनोदिया, दिव्यांश ठाकुर एवं उत्कर्ष साहू ने मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। दल में तनय श्रीवास, गगन सनोदिया, काशीराम बंदेवार, मनीष जांघेला, अक्षय ठाकरे, ऐश्वर्या ठाकरे, तुषार ठाकरे, हर्ष बघेल, सुमित साहू, शुभम, मानव प्रजापति, अमित यादव शामिल रहे। आयोजन में मध्य प्रदेश द्वारा मोगली की झांकी प्रदर्शित की गई, जिसमें मोगली के पात्र का अभिनय तनय श्रीवास द्वारा किया गया।



कार्यक्रम के अंत में राज्य प्रशिक्षण आयुक्त बीएल शर्मा एवं राज्य प्रशिक्षण आयुक्त जानकी सिंह गाइड द्वारा सभी स्काउट को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मिशन इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्राचार्य सुनील एम सिंह द्वारा तनय श्रीवास को प्रशस्ति पत्र देकर स मानित किया गया। इस मौके पर स्काउट मास्टर अनिल रामास्वामी, शिक्षक टीआर सनोडिया, कुलदीप ठाकुर, आकाश मिश्रा, विद्यापुरी गोस्वामी, पी भिड़े, आरती शाह, एस बिसेन, अलका बास्के, निर्मल सिंह, जीवनलाल मरावी, शंकर उइके सहित अन्य शिक्षक,शिक्षिकाएं व छात्र उपस्थित रहे।



# शहर के बीचों बीच भैरोगंज में शासन की करोड़ो की जमीन पर अवैध कब्जा

**हरिभूमि न्यूजःसिवनी।** एक और जहां शासन प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार प्रयासरत है शासकीय भूमि पर किए गए कब्जा को हटाकर करोड़ो की शासकीय भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई जा रही है वहीं शहर के बीचों बीच हृदय स्थल भैरोंगंज में नगर पालिका की लगभग एक एकड़ नजूल भूमि जिसका खसरा नम्बर 28 और रकबा 0.259 हेक्टेयर है पर दबंगों सोहन कुशवाहा, गज्जू कुशवाहा और परिवार द्वारा कब्जा कर कालोनीवासियों का रास्ता बंद दिया गया है ।ज्ञात हो कि जिंदल हॉस्पिटल के पास काछीवाड़ा में कालोनीवासियों के लिए आवागमन का एकमात्र मार्ग है जहाँ पर नगरपालिका के द्वारा सीमेंट की सीसी रोड का निर्माण किया गया है।

**कार्यालय जनपद पंचायत, धनौरा, जिला सिवनी**

क्र./1352/जन.पंचा./2025 धनौरा, दिनांक 28/11/2025

जनपद पंचायत के अधीन निर्मित 06 गुमठियों का आवंटन म.प्र. पंचायत स्थावर संपत्ति का अंतरण नियम 1994 में वर्णित प्रावधानों के अनुरूप लोक नीलामी के माध्यम से किया जाना है उपरोक्त 06 काम्पलेक्स में अ.ज.जा. वर्ग हेतु 01, अ.जा. वर्ग हेतु 01 अ.पि.वर्ग हेतु 01 तथा नि:शक्त दिव्यांग हेतु 01 जो 40 प्रतिशत से अधिक हो तथा शेष 02 काम्पलेक्स अनारक्षित वर्ग हेतु आरक्षित हैं ।

उपरोक्त काम्पलेक्स की खुली नीलामी दिनांक 15.12.2025 दिन सोमवार को दोपहर 1.00 बजे से जनपद पंचायत सभा कक्ष धनौरा में किया जाना है, काम्पलेक्स की नीलामी से संबंधित समस्त शर्तो का अवलोकन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है ।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, धनौरा

## जिले के सभी खरीदी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जाए

# सर्वाधिक खरीदी करने वाले केंद्रों की प्रतिदिन जांच की जाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 04 दिसम्बर को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी आरके ठाकुर, उपायुक्त सहाकारिता राजेश उइके, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पी जोशी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनिल किरार, वेयर हाउस के प्रबंधक श्री पटले एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि जिले में 185 केंद्रो पर 01 दिसम्बर से धान की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 04 दिसम्बर की शाम तक जिले के 39 हजार 895 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग की गई है, इनमें से 3792 किसानों से 01 लाख 50 हजार 140 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 35 करोड़ 56 लाख 81 हजार 660 रुपए का भुगतान किया जाना है। किसानों से खरीदे गए 3120 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया जा चुका है। इस वर्ष प्रथम चार दिनों में ही गत वर्ष की तुलना में 05 गुना अधिक धान की खरीदी की जा चुकी है।



बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि जिले के जिन खरीदी केंद्रो पर अधिक मात्रा में धान की खरीदी हो रही है, उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। ऐसे केंद्रो की प्रतिदिन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक एवं नागरिक आपूर्ति निगम की टीम द्वारा जांच की जाए। जिले के सभी खरीदी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जाए और सीसीटीवी कैमरे की फीड कंट्रोल रूम के साथ ही कलेक्टर चैम्बर के रूम में लाइव दिखायी जाए। किसानों से एफएक्यू गुणवत्ता की धान ही खरीदी जाए।

कलेक्टर श्री मीना ने सख्त निर्देश दिये कि कोई भी बिचौलिया या धान व्यापारी किसान के नाम पर अपनी धान विक्रय न कर पाए इसके पुख्ता इंतजाम किये जाए। किसी भी केंद्र में यदि कोई व्यापारी, बिचौलिया धान का विक्रय करते पाया जाए तो तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। जिले में बाहर की धान विक्रय के लिए न आने पाए इसके लिए सभी चेक पोस्टो पर कड़ाई से वाहनों की जांच करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि खरीदी केंद्रो पर किसानों से खरीदी गई धान का तेजी से उठाव किया जाए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी को निर्देशित किया कि खरीदी केंद्रो से धान के उठाव एवं परिवहन पर विशेष ध्यान दे।

# जिले के विद्यार्थियों के लिए बड़ी राहत, अब स्कूलों में ही बनेगा आधार कार्ड

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में विद्यार्थियों को आधार कार्ड बनवाने और उसमें आवश्यक अपडेट कराने के लिए आधार केंद्रों पर लगने वाली भीड़ और होने वाली असुविधा को देखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने त्वरित संज्ञान लेते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब विद्यार्थियों को आधार केंद्रों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और न ही भीड़ की समस्या से जूझना पड़ेगा।कलेक्टर श्री मीना ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल स्तर पर ही आधार पंजीयन एवं अपडेशन कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जिले के लगभग सभी विद्यालयों में 05 दिसंबर से आधार कैंप लगाया जाएगा।इन कैंपों में विद्यार्थियों के नए आधार कार्ड बनाए जाएंगे, साथ ही जिन छात्रों को अपने आधार में मोबाइल नंबर, पता, जन्मतिथि या अन्य जानकारी अपडेट करवानी है, उन्हें भी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।जिला प्रशासन ने सभी विद्यालय प्राचार्यों को अपने-अपने स्कूलों में कैंप की व्यवस्था सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों को समय से जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।इस निर्णय से जिले के हजारों



विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी और आधार से संबंधित कार्य अब सुगमता और सुविधा के साथ स्कूल परिसर में ही संपन्न होंगे।

# विधायक भगत के प्रयास से परसवाड़ा में पाँच करोड़ की चार सड़कें स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से विधायक मधु भाऊ भगत लगातार जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र की आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने के उनके प्रयासों का परिणाम है कि इस बार अनुपूरक बजट में परसवाड़ा क्षेत्र की चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण को स्वीकृति मिली है। लगभग पाँच करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली ये सड़कें उन दूरस्थ और उपेक्षित अंचलों में प्रस्तावित हैं, जहाँ लंबे समय से बेहतर सड़क सुविधा की आवश्यकता महसूस की जा रही थी।

विधायक भगत ने बताया कि परसवाड़ा के सुदूर ग्रामों को बेहतर सड़क सुविधा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रही है। इस दिशा में प्राप्त हुई नई स्वीकृतियाँ न केवल ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएंगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि संबंधी गतिविधियों को भी गति प्रदान करेंगी। प्राप्त स्वीकृति के अनुसार लिंगा से खरपड़िया मार्ग की कुल लंबाई 1.30 किमी होगी, जो आसपास के कई गांवों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। इसी तरह कटंगा से उदड़ना मार्ग की लंबाई 5 किमी निर्धारित की गई है, जो बड़े ग्रामीण भूभाग को यातायात सुविधा उपलब्ध कराएगा।

इसके अतिरिक्त रुपझर से दिनाटोला मार्ग की 1 किमी सड़क तथा ठाकुरटोला पहुंच मार्ग भी निर्माण सूची में शामिल हैं। इन सभी सड़कों की कुल लंबाई लगभग 8.0



किमी है, जिन पर कुल 486 लाख रुपये का व्यय प्रस्तावित है। उल्लेखनीय है कि इन कार्यों के शीघ्र आरंभ के लिए एक करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि भी स्वीकृत कर दी गई है, जिससे निर्माण प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने की उम्मीद है।

स्थानीय निवासियों ने इन स्वीकृतियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्षों से जिन मार्गों के निर्माण की अपेक्षा थी, अब वे साकार होते दिख रहे हैं। इन सड़कों के बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और किसानों को अपने उत्पाद बाजार तक पहुँचाने में सुविधा होगी। साथ ही स्कूल-कॉलेज जाने वाले विद्यार्थियों और बीमार मरीजों को समय पर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

विकास के प्रति निरंतर सक्रियता दिखाने वाले विधायक भगत ने कहा कि उनका लक्ष्य परसवाड़ा क्षेत्र को मूलभूत सुविधाओं से सशक्त बनाना है और आगे भी वे जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि जैसे-जैसे सड़कें बनेंगी, क्षेत्र की तस्वीर बदलती जाएगी और परसवाड़ा विकास की नई दिशा की ओर आगे बढ़ेगा।

## विधायक अनुभा मुंजारे ने शीतकालीन सत्र में विधानसभा में उठाया मामला

# कनकी में उद्योग हेतु जमीन आंबटन को निरस्त किया जाये-अनुभा

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र ग्राम कनकी में आद्यौगिक भूखंड आंबटन की प्रक्रिया पर सवाल करते हुये उसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने विधानसभा अध्यक्ष के अलावा विभागीय मंत्री से प्रत्यक्ष भेंट कर इस भूखंड आंबटन में हुई अनियमितता को लेकर आपत्ति दर्ज की और उसे निरस्त करने का आग्रह किया है। विधायक श्रीमती मुंजारे द्वारा बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनकी में नव निर्मित औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड आवंटन में प्रशासन की से मनमानी की गई है। जिसके चलते वास्तविक हितग्राहियों को यह भूखंड रोजगार के लिये मिलने के बजाय उन लोगों को प्राप्त हो गया जिनके पास



पहले से ही उद्योग है या फिर एक ही व्यक्ति को तीन या चार प्लाट आंबटित कर दिया गया है। इसे आंबटन करने के लिये नियमों व प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। बल्कि कागजी तौर पर भीतर ही भीतर इसे अंजाम दिया गया है। जिसमें मिलीभगत व सांठगांठ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। विधायक अनुभा मुंजारे ने आज विधानसभा सत्र में कनकी में नव निर्मित औद्योगिक क्षेत्र के भूखंड आवंटन सदन व विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखा गया। श्रीमती मुंजारे ने कहा कि इस भूखंड आंबटन में बालाघाट के गरीब, पिछड़े, जरूरतमंद परिवारों के हक और अधिकारों के लिए व अनुसूचित जाति,जनजाति को पर्याप्त अनुपात में अवसर नहीं दिया गया है। यहां पर 72 प्लाटों का आंबटन कर दिया गया। अधिकारियों के द्वारा सरकार के नियमों की अनदेखी की गई है। जो कि कही ना कही वंचितों के अधिकार की उपेक्षा को दृष्टिगत रख रहा है। जिसकी जांच की जाने चाहिए। विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि एक- एक आवेदकों को 4 या 4 से अधिक प्लॉट का आवंटन किया गया है। उन्होने जानना चाह कि क्या जिले में अन्य हितग्राही नहीं है?उन्होने सदन व विधानसभा अध्यक्ष को अवगत कराया कि कनकी में भूखंड आंबटन में समय में उचित,प्रतिष्ठित अख़बारों में विज्ञापन का प्रचार प्रसार करते व जनप्रतिनिधियों को विश्वास में ले कर प्रक्रिया करते तो आज सैकड़ों परिवारों में नवीन उद्योग का दीपक जलता। उन्होने सरकार के उद्योग मंत्री और सदन से आग्रह किया कि इस पूरी आवंटन प्रक्रिया को निरस्त कर पुनः नवीन प्रकिया की जाए। ताकि वास्तविक हितग्राहियों को उद्योग लगाने के लिये अवसर प्राप्त हो सके और वे रोजगार से जुड़ सके।

# सांसद श्रीमती भारती पारधी ने लोकसभा में उठाया गौ-अत्याचार का गंभीर मुद्दा



### वैज्ञानिक तकनीक 'माइक्रोचिप' के माध्यम से गौ-रक्षा को मजबूत करने का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट से भाजपा सांसद भारती पारधी ने संसद में गोवंश तस्करी और गोहत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से इस पर सख्त जीरो टॉलरेंस नीति बनाने की मांग की। सांसद ने बताया कि प्रदेश में पिछले सात दिनों में गौ तस्करी और गौहत्या के 70 मामले दर्ज किए गए हैं।



सांसद भारती पारधी के बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र को गौतस्करों का बड़ा अड्डा माना जाता है। बालाघाट की सीमाएं महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से जुड़ी होने के कारण यह क्षेत्र गौवंश की तस्करी के लिए सुरक्षित मार्ग बन गया है। फरवरी से अप्रैल के बीच जिले के विभिन्न थानों ने 100 से अधिक गोवंश को तस्करों से बरामद किया है।

जिले में गौ तस्करी से जुड़े मामलों को लेकर गौतस्करों और हिंदुवादी संगठनों के बीच हिंसक झड़पें भी हो चुकी हैं। बालाघाट में गौतस्करी एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जिस पर गौभक्त और हिंदुवादी संगठन लगातार सवाल उठाते रहे हैं।

बालाघाट से भाजपा सांसद भारती पारधी ने संसद में गोवंश तस्करी और गोहत्या का मुद्दा उठाया। उन्होंने सरकार से इस पर सख्त जीरो टॉलरेंस नीति बनाने की मांग की। सांसद ने बताया कि प्रदेश में पिछले सात दिनों में गौ तस्करी और गौहत्या के 70 मामले दर्ज किए गए हैं।

सांसद भारती पारधी के बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र को गौतस्करों का बड़ा अड्डा माना जाता है। बालाघाट की सीमाएं महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से जुड़ी होने के कारण यह क्षेत्र गौवंश की तस्करी के लिए सुरक्षित मार्ग बन गया है। फरवरी से अप्रैल के बीच जिले के विभिन्न थानों ने 100 से अधिक गोवंश को तस्करों से बरामद किया है।

जिले में गौ तस्करी से जुड़े मामलों को लेकर गौतस्करों और हिंदुवादी संगठनों के बीच हिंसक झड़पें भी हो चुकी हैं। बालाघाट में गौतस्करी एक गंभीर समस्या बनी हुई है, जिस पर गौभक्त और हिंदुवादी संगठन लगातार सवाल उठाते रहे हैं।

सांसद ने देशव्यापी गोसंरक्षण-प्रबंधन मिशन शुरू करने, गोवंश की डिजिटल ट्रैकिंग और माइक्रोचिपिंग करने, तथा रोगों से बचाने के लिए शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने की भी वकालत की। उन्होंने हाल ही में शिवपुरी में 200 मृत गायों की घटना का भी उदाहरण पेश किया।

# सावरगांव से परसवाडा मार्ग जर्जर, आवाजाही में परेशानी

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** कटंगी खैरलांजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सावरगांव से परसवाडा मार्ग जर्जर हो गया है। जिसके कारण मार्ग से आवाजाही करने वाले राहगीरो को परेशानी हो रही है। राहगीरो ने सड़क बनाने की मांग की । जानकारी के अनुसार यह करीब दो या तीन किलोमीटर लम्बा कच्चा मार्ग है जो लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत



आता है। मार्ग क्षतिग्रस्त और जर्जर हो गया है।जगह-जगह गड्डे निर्मित हो गए है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है ।बारिश के दिनो में कच्ची सड़क से चलने वाले राहगीरो को काफी परेशानी होती है। मार्ग से आये दिन राहगीर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है। साथ ही ग्रामवासी भी रोज मार्ग से खेतो की ओर जाते है। लेकिन सड़क बदहाल होने से आवाजाही मे परेशानी हो रही है। राहगीरो के द्वारा सड़क बनाने की मांग की गई है।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ तथा जिला शिक्षा केन्द्र एवं सामाजिक न्याय विभाग के संयुंक्त तत्वाधान में 03 दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस कार्यक्रम का आयोजन मुलना स्टेडियम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ जिला परियोजना



समन्वयक श्री जी.पी.बर्मन एवं बीईओ श्री डहेरिया द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। जिसमें कक्षा 1 से 12 के एवं कॉलेज के लगभग 260 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया।

एपीसी श्रीश थानथराटे ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। जिसमें 100 व 50 मीटर की दौड, नींबू चम्मच दौड, मेहदी, रगोली, चित्रकला, नृत्य, गायन कुर्सी दौड,एवं मटकी फोड जैसी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर खेल के प्रति अपना उत्साह दिखाया। कार्यक्रम में सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास बालाघाट के 50 बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम समापन के पूर्व न्यायाधिश श्री सतीष शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं डीपीसी श्री जी.पी.बर्मन द्वारा प्रतियोगिता में सहभागिता किये समस्त दिव्यांग बच्चों के पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र तथा वरिष्ठ जन को हियरिंग एड ट्राय साइकल व्हील चेयर वितरित किये गये। इस अवसर पर सामाजिक न्याय विभाग का समस्त स्टॉफ, शिक्षा विभाग के स्टाफ के साथ जिला शिक्षा केंद्र से सभी एपीसी और सभी विकास खंड के एमआरसी उपस्थित रहे।

# जिले में 5 से 12 दिसंबर तक मनाया जाएगा "सीएम हेल्पलाइन सप्ताह"

## लंबित शिकायतों के शत-प्रतिशत निराकरण का होगा लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

संचालनालय, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मध्यप्रदेश भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले के सभी नगरीय निकायों में 05 दिसंबर से 12 दिसंबर 2025 तक "सीएम हेल्पलाइन (181) सप्ताह" मनाया जाएगा। इस विशेष सप्ताह का उद्देश्य नागरिकों की लंबित शिकायतों का पूरी संतुष्टि के साथ योजनाबद्ध निराकरण करना है।

संयुक्त कलेक्टर एवं शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री राहुल नायक ने बताया कि इस अवधि में जिले के सभी नगरीय निकायों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि संबंधित शिकायतकर्ता स्वयं निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर अपनी शिकायतों का समाधान प्राप्त कर सकें। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नगर निकायों में वार्डवार कैंप भी लगाए जाएंगे, जहां अधिकारियों की मौजूदगी में शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

अभियान के दौरान 50, 100, 500 एवं 1000 दिनों से अधिक समय से लंबित सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए उनकी गहन जांच की जाएगी। सभी नगरीय निकायों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी स्वयं सतत मॉनिटरिंग करेंगे और प्रतिदिन समीक्षा बैठकें आयोजित कर शिकायतों की प्रकृति एवं संख्या का विश्लेषण करेंगे। ऐसी शिकायतो को विशेष रूप से चिन्हांकित किया जाएगा, जिनकी संख्या संबंधित निकाय में सतत रूप से अधिक होती है। शासन का यह प्रयास "सीएम हेल्पलाइन सप्ताह" नागरिकों को सुशासन, पारदर्शिता और समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण और तथागत सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा का हुआ अनावरण

### कटंगी के ग्राम नांदी में आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला बौद्ध संघ तहसील शाखा तिरोड़ी सर्कल शाखा नांदी ग्रामीण शाखा नांदी व समता सैनिक दल तिरोड़ी के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम पंचायत नांदी में शनिवार को सम्यक बुद्ध विहार का लोकार्पण और थाईलैंड देश से प्राप्त सम्यक सम्बुद्ध की प्रतिमा अनावरण किया गया। इस दौरान महाबोधि महाविहार बोधगया से संबंधित याचिका सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में नियत पेशी पर उपस्थित होने के उपरांत दिल्ली से नागपुर से होते हुए जब बोनकट्टा अतिथिगण बौद्ध भिक्खुगण बोनकट्टा पहुंचे, तो कार्यक्रम के प्रारंभ में बोनकट्टा से विशाल वाहन रैली पूज्य भदंत धम्म शिखर, आकाश लामा, पूज्य भदंत डा. चंद्रकीर्ति, अधिवक्ता संजय खोबरागड़े के नेतृत्व में धम्म रैली गुड़रुघाट मिरगपुर बस स्टैंड पहुंची। जहां बौद्ध सर्कल समिति सेक्टर मिरगपुर, गुड़रुघाट, सावरगांव, मोहगांवघाट, टेकाड़ीघाट, सुकड़ीघाट, येरवाघाट, येरवाटोला, सालेबर्डी, गर्राबोड़ी, दैतबर्रा, पांढरवानी, उपासक उपासिकाओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में वाहन पर पंचशील धम्म ध्वज व मिशनरी नीला ध्वज के साथ ग्राम पंचायत मोहगांव नांदी के राहुल बुद्ध विहार में पहुंचकर महाबोधि महाविहार बोधगया मुक्ति आंदोलन के संदर्भ में विशाल शांति मशाल रैली में हजारों की तादाद में उपासक उपासिकाएं पैदल कार्यक्रम स्थल नांदी पहुंची। कार्यक्रम में शामिल हजारों की तादाद में शरीक बौद्ध उपासक उपासिकाओं ने रैली स्वागत किया। इसके बाद कार्यक्रम के उद्घाटक पूज्य



भदंत धम्म शिखर जी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाश लामा, विशिष्ट अतिथि पूज्य भदंत डा. चंद्रकीर्ति, कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुरेंद्र बारमाटे, विकास खांडेकर, दलित मेश्राम तहसील अध्यक्ष जिला बौद्ध संघ तिरोड़ी, भोजराज वासनिक अध्यक्ष सम्यक बुद्ध विहार निर्माण समिति नांदी, रामचंद मेश्राम सर्कल बौद्ध संघ नांदी, कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी की उपस्थिति में सम्यक बुद्ध विहार नांदी का लोकार्पण व तथागत की बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण व परम पूज्य डा. बाबा साहेब अंबेडकर के नाम बने सभा मंच का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक एक शाम संविधान के नाम सुप्रसिद्ध कवि शैलेश शैल व्यंग्य कवि प्रबोधनकार, सुप्रसिद्ध कवियत्री माधुरी किरण, सागर छिपेश्वर पेरोडीकार कवि, गोविंदा गांवटी सुप्रसिद्ध गीतकार, मनोज रामटेके, हलचल बालाघाटी, विकास सनोड़िया इत्यादि कवियों के द्वारा संविधान व बुद्ध अंबेडकर मिशन पर बेहतरीन काव्य पाठ किया। इसके अलावा सुप्रसिद्ध कव्वाल मनोज राजा ने कव्वाली की प्रस्तुति दी गई।

# शास.उच्च.माध्य.नगपुरा के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा (ला.) में व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित ट्रेड हेल्थ केयर एवं कृषि के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण सरदार पटेल विश्वविद्यालय डोंगरिया (वारासिवनी) में कराया गया जिसमें कक्षा 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। वहीं भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय में संचालित प्रयोगशाला, मूट कोर्ट, कृषि क्षेत्र का भौगोलिक भ्रमण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ द्वारा विभिन्न पहलुओ से अवगत कराया गया।

संस्था प्राचार्य चन्द्रपाल उके द्वारा बताया गया कि व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत विद्यार्थियों को अलग-अलग स्थानों पर भ्रमण कराया जाता है। जहां वे नये स्थान और वहां के भौगोलिक स्थिति और संसाधनों से परिचित होते है। और संस्था में आकर उसी प्रकार से क्षेत्र में कार्य करते है। विश्वविद्यालय में नार्सिंग विभाग में फन्डामेन्टल लैब, कम्यूनिटी लैब एवं एनाटॉमी लैब का अवलोकन किया गया। इस भ्रमण के दौरान





विश्वविद्यालय के स्टाफ से डॉ. अवधेश सिंह चौधरी, डॉ.रवि कुमार रजक, डॉ. प्रियंका पिपलेवार को विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। संस्था से श्री सोमलाल बारेकर, श्रीमती प्रीति अमूले श्री कन्हैयालाल मर्सकोले, श्रीमती शीतल बहेकार एवं हेल्थ केयर व्यावसायिक शिक्षिका श्रीमती अनिता बिरनवार तथा कृषि श्री देवेन्द्र नगपुरे के मार्गदर्शन में भ्रमण करवाया गया।